लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 747

दिनांक 07.02.2019 को उत्तर दिए जाने के लिए

जीआई दर्जा :

747: श्री रवनीत सिंह :

क्या वस्त्र मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या पंजाब में केवल एक कढ़ाई उत्पाद को भौगोलिक संकेत (जीआई) का दर्जा दिया गया है, यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं:

(ख) सरकार की ओर से विशेषकर पंजाब में टेक्सटाइल उत्पादों के लिए जीआई टैग के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं; और

(ग) भारत में उन पारंपरिक उत्पादों की संख्या का राज्य-वार ब्यौरा क्या है जिनमें जीआई टैग है?

उत्तर

वस्त्र राज्य मंत्री

(श्री अजय टम्टा)

(क): जी हां महोदया। पंजाब में केवल एक कढ़ाई शिल्प अर्थात फुलकारी को जीआई दर्जा दिया गया है। इसके अलावा, दो शिल्पों नामश: पंजाबी जुत्ती और होशियारपुर के जड़ाऊ काष्ठ के लिए पहले से ही आवेदन जमा किए जा चुके हैं जो जीआई रजिस्ट्रार के पास लंबित है।

(ख): सरकार ने संबंधित शिल्पों के लिए जीआई पंजीकरण तथा उपभोक्ता पंजीकरण के बारे में जागरुकता लाने के लिए देशभर में सभी 53 हस्तशिल्प सेवा केन्द्रों में जीआई सहायता डेस्क स्थापित किए हैं। इसके अलावा, भौगोलिक संकेतकों के लाभों एवं जीआई के अन्य आयामों के बारे में जागरुकता लाने के लिए राष्ट्रीय और क्षेत्रीय स्तर पर लगातार कार्यशालाएं आयोजित की जा रही हैं।

(ग): 92 पारंपरिक हस्तशिल्पों को जीआई टैग दिया गया है। सूची अनुबंध-1 पर संलग्न है।

अनुबंध-I

क्रमांक	जीआई शिल्प	राज्य
1.	सुलेमानी पत्थर, खंभात	गुजरात
2.	एलेप्पी कॉयर	केरल
3.	आंध्र प्रदेश की चमड़े की कठपुतली	आंध्र प्रदेश
4.	अरनमुला कन्नाडी	केरल
5.	मध्य प्रदेश का बाघ प्रिंट	मध्य प्रदेश
6.	बागरु हस्त ठप्पा छपाई	राजस्थान
7.	बनारस गुलाबी मीनाकारी शिल्प	उत्तर प्रदेश
8.	बनारस धातु उभारदार (रिपोस्से) शिल्प	उत्तर प्रदेश
9.	बस्तर ढोकरा	छत्तीसगढ़
10.	बस्तर लौह शिल्प	छत्तीसगढ़
11.	बस्तर लकड़ी शिल्प	छत्तीसगढ़
12.	दतिया एवं टीकमगढ़ के बेल धातु पात्र	मध्य प्रदेश
13.	बिदरी पात्र	कर्नाटक
14.	जयपुर की नीली कुंभकारी	राजस्थान
15.	बोबिली वीणा	आंध्र प्रदेश
16.	केरल का पीतल कशीदाकृत नारियल खोल शिल्प	केरल
17.	बुदीती बेल एवं तांबा शिल्प	आंध्र प्रदेश
18.	चंबा रुमाल	हिमाचल प्रदेश
19.	चन्नापटना खिलौने एवं गुड़िया	कर्नाटक
20.	चेरियल चित्रकारी	तेलंगाना
21.	चेट्टीनाड कोट्टन	तमिलनाडु
22.	फर्रुखाबाद प्रिंट	उत्तर प्रदेश
23.	फ़िरोज़ाबाद ग्लास	उत्तर प्रदेश
24.	मैसूर (कर्नाटक) के गंजीफा कार्ड	कर्नाटक
25.	गुलेदगुद्द खाना	कर्नाटक
26.	भदोही के हस्तनिर्मित कालीन	उत्तर प्रदेश
27.	जामनगर बांधनी	गुजरात
28.	कांगड़ा चित्रकारी	हिमाचल प्रदेश
29.	कर्नाटक पीतल पात्र	कर्नाटक
30.	कश्मीर पेपर मैशी	जम्मू एवं कश्मीर
31.	कश्मीर सोज़नी शिल्प	जम्मू एवं कश्मीर
32.	कश्मीर अखरोट की लकड़ी पर नक्काशी	जम्मू एवं कश्मीर
33.	कश्मीर के हाथ से गुंथे कालीन	जम्मू एवं कश्मीर
34.	कसूती कशीदाकारी	कर्नाटक
35.	राजस्थान की कठपुतली	राजस्थान
36.	खाटमबंद	जम्मू एवं कश्मीर
37.	बिहार का खटवा पैच कार्य- एप्लीक	बिहार
38.	खुर्जा कुंभकारी	उत्तर प्रदेश
39.	किनहल खिलौने	कर्नाटक
40.	कोणार्क पत्थर नक्काशी	ओडिशा
41.	कोंडापल्ली बोम्माल्लू	आंध्र प्रदेश
42.	कच्छ कशीदाकारी	गुजरात
43.	इंदौर के चमड़े के खिलौने	मध्य प्रदेश
44.	लखनऊ चिकन शिल्प	उत्तर प्रदेश
45.	लखनऊ जरदोज़ी	उत्तर प्रदेश
46.	मच्छलीपटनम कलमकारी	आंध्र प्रदेश
47.	पलाक्कड के मडलम	केरल

48.	मधुबनी चित्रकारी	बिहार
49.	मोलेला मिट्टी कार्य	राजस्थान
50.	मुरादाबाद धातु शिल्प	उत्तर प्रदेश
51.	मैसूर रोसवुड जड़ाऊ कार्य	कर्नाटक
52.	मैसूर सिल्क	कर्नाटक
53.	मैसूर पारंपरिक चित्रकारी	कर्नाटक
54.	नचियरकोइल कुथुविल्लकू (नचियरकोइल लैंप)	तमिलनाडु
55.	नक्शी कांथा	पश्चिम बंगाल
56.	निर्मल फर्नीचर	तेलंगाना
57.	निर्मल चित्रकारी	तेलंगाना
58.	निर्मल खिलौने एवं शिल्प	तेलंगाना
59.	निज़ामाबाद काली कुंभकारी	उत्तर प्रदेश
60.	ओडिशा पट्टचित्र	ओडिशा
61.	पट्टमदाई पाई (पट्टमदाई चटाई)	तमिलनाडु
62.	पय्यान्नूर पवित्र रिंग	केरल
63.	पेमबरथी धातु शिल्प	तेलंगाना
64.	फुलकारी	पंजाब, हरियाणा, राजस्थान
65.	पिपली एप्लीक कार्य	ओडिशा
66.	पुनेरी पगड़ी	महाराष्ट्र
67.	सहारनपुर लकड़ी शिल्प	उत्तर प्रदेश
68.	सेलम फेब्रिक	तमिलनाडु
69.	संदूर लंबानी कशीदाकारी	कर्नाटक
70.	सांगानेरी हस्त ठप्पा छपाई	राजस्थान
71.	संखेड़ा फर्नीचर	गुजरात
72.	शांतिनिकेतन चमड़े की वस्तुएँ	पश्चिम बंगाल
73.	केरल का स्क्रू पाइन शिल्प	केरल
74.	बिहार का सिक्की घास कार्य	बिहार
75.	करीमनगर का सिल्वर फिलिग्री	तेलंगाना
76.	सोलापुर टेरी टावल	महाराष्ट्र
77.	श्रीकलाहस्ती कलमकारी	आंध्र प्रदेश
78.	बिहार का सुजनी कशीदाकारी कार्य	बिहार
79.	सूरत ज़री शिल्प	गुजरात
80.	स्वामीमलाई कांस्य प्रतिमाएँ	तमिलनाडु
81.	नागरकोइल के मंदिर आभूषण	तमिलनाडु
82.	थंजावुर कलात्मक प्लेट	तमिलनाडु
83.	थंजावुर गुड़िया	तमिलनाडु
84.	थंजावुर चित्रकारी	तमिलनाडु
85.	थंजावुर वीणा	तमिलनाडु
86.	थेवा कला कार्य	राजस्थान
87.	तिरुकनूर पेपर मैशी शिल्प	पुदुचेरी
88.	तोड़ा कशीदाकारी	तमिलनाडु
89.	वाराणसी के काँच के मनके	उत्तर प्रदेश
90.	वाराणसी काष्ठ लेकरवेयर और खिलौने	उत्तर प्रदेश
91.	विलियानुर टेराकोटा कार्य	पुदुचेरी
92.	वर्ली चित्रकारी	महाराष्ट्र

****